वर्ष : 14 | अंक : 357 | जयपुर | गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 24

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ


# 28 लाख दीयों से जगमग अयोध्या



## मुख्यमंत्री की दीपावली, गोवर्धन भाईदूज पर शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीपावली, गोवर्धन एवं भाईदूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की कामना की है। शर्मा ने कहा कि दीपों का यह पर्व अन्याय और शोषण के विरूद्ध न्याय एवं संघर्ष की विजय का उत्सव है। यह पर्व हमें सच्चाई व धर्म की राह पर चलने, विपदाओं से नहीं घबराने की प्रेरणा देता है।




## योगी ने राम रथ खींचा, भगवान का राजतिलक किया

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या ( एजेंसी )।** रामनगरी अयोध्या दिवाली से एक दिन पहले दीयों से जगमग हो गई। सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीये जलाए गए। इसके साथ ही नया रिकॉर्ड बन गया। पिछले साल 22 लाख दीये जलाए गए थे। सीएम योगी ने राम मंदिर में पहला दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। 1600 अर्चकों ने सरयू आरती की। इससे पहले, भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से पहुंचे। योगी ने उनका स्वागत किया। भगवान रथ पर सवार हुए। योगी ने राम रथ खींचा। प्रभु राम को रामकथा पार्क लाया गया। यहां योगी ने राम की आरती उतारी और राज तिलक किया। भगवान राम के स्वागत में जगह-जगह कलाकार नृत्य करते नजर आए। रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियां सड़कों पर निकाली गईं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। वहीं, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा- 1528 में मीर बाकी ने भगवान राम के मंदिर को तोड़ा, तब से भारत के सौभाग्य का सूर्य अस्त हो गया।



## मानवता का बैरियर बनने वाले की दुर्गति तय : योगी

सीएम योगी ने कहा- ये दीप जो आपके द्वारा जलाए जाएंगे, वो केवल दीप नहीं हैं, ये सनातन धर्म का विश्वास है। अयोध्यावासियों को आगे आना होगा। अयोध्या जैसी मथुरा-काशी दिखनी चाहिए। सनातन धर्म ने कभी किसी का अहित नहीं किया, सबको गले से लगाया। जो भी मानवता के मार्ग में बैरियर बनेगा, उसकी वही दुर्गति होनी है, जो यूपी के माफियाओं की हुई। योगी ने आगे कहा कि मैंने सभी से कहा कि भगवान राम जल्द ही हम सभी को आशीर्वाद देंगे, और हम सभी पीएम मोदी और उनकी दूरदर्शिता के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त, 2020 को जब पूरी दुनिया कोविड-19 से जूझ रही थी, तब पीएम ने अयोध्या का दौरा किया और राम मंदिर की आधारशिला रखी।

### पीएम मोदी गुजरात दौरे पर

## एकता नगर में 280 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। वे सरदार पटेल की जयंती पर मनाए जाने वाले एकता दिवस के लिए यहां केवड़िया पहुंचे हैं। उन्होंने बुधवार को एकता नगर में 280 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। उनका स्टार्ट 6.0 कार्यक्रम में अधिकारियों, कॉमन फाउंडेशन कोर्स (ट्रेनी आईएएस-आईपीएस) अफसरों को संबोधित करने का कार्यक्रम भी है। इस साल के कार्यक्रम का विषय आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए रोडमैप है। 99वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स स्टार्ट 6.0 में भारत की 16 सिविल सेवाओं और भूटान की 3 सिविल सेवाओं के 653 ट्रेनी अफसर शामिल हैं। पीएम मोदी गुरुवार (31 अगस्त) को केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे। सबसे पहले वे सुबह करीब 7:15 बजे पीएम मोदी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में शामिल होंगे।

एकता दिवस परेड में 16 परेड टुकड़ियां प्रधानमंत्री मोदी एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे और परेड देखेंगे।

**सूचना**

दीपावली के अवसर पर कार्यालय में 31 अक्टूबर व 01 नवम्बर 2024 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 03 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

-सम्पादक







दैनिक बढ़ता राजस्थान
www.badhatarajasthan.in
दीपोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जयपुर | गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024










































वर्ष : 14 | अंक : 357 जयपुर | गुरुवार , 31 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 24

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



## महालक्ष्मी पूजन शुभ मुहूर्त

दीपावली में मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व होता है। लेकिन इस दिन सूर्यास्त के बाद ही लक्ष्मी पूजन करने का विधान है। ऐसे में 31 अक्टूबर को रात के समय अमावस्या तिथि रहेगी। शास्त्रों के अनुसार 31 अक्टूबर की रात में ही लक्ष्मी पूजन किया जाना उचित होगा। मां लक्ष्मी की पूजा के लिए 31 अक्टूबर 2024 को शाम 6 बजकर 25 मिनट से शाम 8 बजकर 32 मिनट का मुहूर्त शुभ रहेगा। इस समय आप मां लक्ष्मी के साथ ही भगवान गणेश भी पूजा कर सकते हैं।

- प्रदोष काल में पूजा मुहूर्तः 31 अक्टूबर 2024, शाम 05 बजकर 35 मिनट से रात 08 बजकर 11 मिनट तक।
- वृषभ काल पूजा मुहूर्तः 31 अक्टूबर 2024, शाम 06 बजकर 21 मिनट से रात 08 बजकर 17 मिनट तक।
- निशिता काल पूजा मुहूर्तः 31 अक्टूबर 2024, रात 11 बजकर 39 मिनट से देर रात 21 बजकर 31 मिनट तक।

# भारत-चीन बॉर्डर पर सैनिकों के हटने की प्रोसेस पूरी

## आज दिवाली पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-चीन बॉर्डर पर डेपसांग और डेमचोक में दोनों सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। गुरुवार को दिवाली पर चीन और भारत के सैनिक एक-दूसरे को मिठाई खिलाएंगे। पेट्रोलिंग को लेकर जल्द ही ग्राउंड कमांडर के अधिकारियों के बीच बातचीत होगी। ग्राउंड कमांडर में ब्रिगेडियर और उससे नीचे के रैंक के अधिकारी होते हैं। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 अक्टूबर को कहा था कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। ये तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी।



### भारत-चीन बॉर्डर पर कैसे पीछे हटीं सेनाएं

भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

**18 अक्टूबर :** देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने की जानकारी सामने आई थी। इसमें बताया गया था कि यहां से दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौटेंगी। साथ ही उन्हीं क्षेत्रों में गश्त करेंगी, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग होती रहेगी। 2020 में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गलवान झड़प के बाद से देपसांग और डेमचोक में तनाव बना हुआ था। करीब 4 साल बाद 21 अक्टूबर को दोनों देशों के बीच नया पेट्रोलिंग समझौता हुआ।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया था कि इसका मकसद लद्दाख में गलवान जैसी झड़प रोकना और पहले जैसे हालात बनाना है।

**25 अक्टूबर :** भारत और चीन की सेनाएं शुक्रवार, 25 अक्टूबर से पूर्वी लद्दाख सीमा से पीछे हटना शुरू हो गई हैं। पूर्वी लद्दाख के डेमचोक और देपसांग पॉइंट में दोनों सेनाओं ने अपने अस्थायी टेंट और शेड हटा लिए हैं। गाड़ियां और मिलिट्री उपकरण भी पीछे ले जाए जा रहे हैं।

आर्मी के सूत्रों के मुताबिक 28 और 29 अक्टूबर तक दोनों देश देपसांग और डेमचोक से अपनी- अपनी सेनाएं पूरी तरह हटा लेंगे।

# 1 नवंबर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

## प्रदेश सरकार ने दीपावली को लेकर जारी किया आदेश

**जयपुर।** राजस्थान में 1 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। कर्मचारियों की मांग पर राज्य सरकार ने बुधवार को इसकी घोषणा की। विभिन्न कर्मचारी संगठन लगातार 1 नवंबर को छुट्टी घोषित करने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर कर्मचारी संगठनों ने 24 अक्टूबर को मुख्य सचिव सुधांश पंत को ज्ञापन भी सौंपा था। 31 अक्टूबर को दीपावली है। 2 अक्टूबर को गोवर्धन और 3 को भैया दूज के चलते सार्वजनिक अवकाश है। इनके बीच में 1 नवंबर को वर्किंग डे था। ऐसे में कर्मचारियों की मांग थी कि 1 नवंबर को सैंडविच-डे (2 छुट्टियों के बीच का कार्य दिवस) के मौके पर भी अवकाश घोषित किया जाए। सरकार ने उनकी मांग मानते हुए छुट्टी के आदेश जारी कर दिए।

सरकार के आदेश जारी करने से पहले अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा था- 1 नवंबर की छुट्टी नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशानी तो उन सरकारी कर्मचारियों को है जिनके परिजन दूर-दराज के गांव और शहरों में रहते हैं।

# बांधवगढ़ में दो दिन में 8 हाथियों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**उमरिया।** उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक और हाथी ने दम तोड़ दिया। इससे पहले सुबह तीन हाथियों की मौत हुई थी। दो दिन में अब तक 8 हाथियों की मौत हो चुकी है। मरने वाले हाथियों में एक नर और 6 मादा हैं। इनमें नर की उम्र चार से पांच साल और मादा की उम्र करीब तीन साल है। दिल्ली से एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) की तीन सदस्यीय टीम जांच के लिए बांधवगढ़ पहुंची है। मंगलवार को जंगल में चार हाथी मृत मिले थे। 2 हाथियों की हालत गंभीर है, उनका इलाज किया जा रहा है। जबकि तीन हाथी जंगल में हैं, दो अफसरों की टीम पैदल ही उनकी निगरानी कर रही है।

डॉक्टरों ने प्राथमिक तौर पर जहरखुरानी की आशंका जताई है। आठ डॉक्टरों की टीम ने हाथियों का पोस्टमॉर्टम किया है। दफनाने के लिए 300 बोरी नमक मंगाया गया है। दो जेसीबी की मदद से गड्ढे खुदवाए गए हैं। बांधवगढ़ संजय टाइगर रिजर्व समेत कटनी, उमरिया और स्कूल ऑफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ जबलपुर के वेटरनरी डॉक्टर बाकी हाथियों के इलाज में जुटे हैं। भोपाल से एसटीएफ की टीम भी पहुंची है। पांच किलोमीटर के एरिया में जांच की जा रही है। वन विभाग और टाइगर रिजर्व का करीब 100 से ज्यादा स्टाफ मौजूद है। इसके अलावा, राजस्व विभाग के अधिकारी भी हैं।



## सम्पादकीय

# साइबर अपराधियों से सरकार ही निपटे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने नवीनतम रेडियो संबोधन में साइबर ठगी के बढ़ते खतरे के बारे में बात की। हाल के दिनों में साइबर अपराधियों ने कई लोगों को निशाना बनाया है और उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' कर धमकी दी है। वे साइबर ठगी करते समय पुलिस अधिकारी, प्रतिभूति बाजार नियामक या नारकोटिक्स आदि विभागों के सरकारी अधिकारी होने का दिखावा करते हैं। जिन लोगों को निशाना बनाया जाता है उनके बैंक खातों को खाली कर दिया जाता है और कुछ मामलों में उनके पैसे क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में स्थानांतरित कर दिए जाते हैं। जो लोग अपेक्षाकृत डिजिटली साक्षर हैं, वे भी इन अपराधियों के शिकार हो गए। ऐसे में यह बात स्वागतयोग्य है कि प्रधानमंत्री ने इन तौर तरीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया। परंतु अभी इन खतरों से निपटने के लिए और कई कदम उठाने की आवश्यकता है। बैंकिंग नियामक आदि अपने स्तर पर ऐसे अपराध करने वाले अपराधियों को पकड़ पाने की क्षमता नहीं रखते। इनमें से कई तो भारत की सीमाओं से बाहर रहते हैं। दक्षिण पूर्वी एशिया के देश इनके खास अड्डे हैं। जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रीय साइबर अपराध इकाइयों को क्षमतावान बनाया जा सके ताकि हर शिकायत पर ध्यान दिया जा सके। ऐसे अपराध रोकने और अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की बुनियादी जिम्मेदारी सरकार की है और वह इस दायित्व से बच नहीं सकती। आमतौर पर कुछ अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रकार के डिजिटल जोखिमों के मामले में अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ना बहुत आसान रहा है। इसका एक और उदाहरण है हाल ही में बम धमाकों की धमकी। दीवाली के पहले व्यस्त सीजन में इन धमकियों ने देश के विमानन क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया। महज चंद दिनों में विभिन्न उड़ानों के बारे में ऐसी 100 से अधिक धमकियां दी गईं। इससे हवाई अड्?डों की सुरक्षा के जिम्मेदारों पर दबाव बढ़ा और कई हवाई अड्?डों पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। शिकागो के लिए उड़ान भर रही एयर इंडिया की एक उड़ान को आर्कटिक में अचानक उतरना पड़ा ताकि विमान की जांच की जा सके।

सिंगापुर जा रही एक और उड़ान को वहां के एफ-16 विमानों की निगरानी में चांगी हवाई अड्?डे पर उतारना पड़ा। गत सप्ताह इस सिलसिले में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया था और जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र पुलिस 35 वर्षीय एक अन्य संदिग्ध की तलाश में है। परंतु अधिकारियों की शुरुआती प्रतिक्रिया सोशल मीडिया वेबसाइटों को दोष देने की रही जहां ऐसी धमकियां सामने आ रही थीं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नुकसानदेह इन पोस्टों को हटाने की मांग की। इन वेबसाइटों का जांचकर्ताओं के साथ सहयोग करने में नाकाम रहना और पुलिस की मांग पर इन पोस्ट से संबंधित आईपी एड्रेस मुहैया नहीं करा पाना तथा धमकियों को गंभीरता के आधार पर चिह्नित नहीं कर पाना एक अलग मसला है। वित्तीय नियामकों तथा नागर विमानन के प्रभारियों तथा कुछ मामलों में स्थानीय पुलिस सहित अधिकारियों के लिए डिजिटल अपराध एक नया मोर्चा है।

# दीपावली : निराशा के अंधेरों में भी बिखरे उत्साह का प्रकाश

**त्योहार हमें त्याग सिखाते हैं, समाज में दूसरे के प्रति संवेदनशीलता और सहअस्तित्व से जीना सिखाते हैं, अपनी अतृप्त लालसा पूर्ति की जगह जरूरतमंद की जरूरत को पूरा करने का संदेश देते हैं।**

**संजय खाबिया**



भारतवर्ष का सबसे बड़ा दीपोत्सव का पर्व महालक्ष्मी की अगवानी और प्रभु श्री राम के वनवास से घर लौटने की खुशियों में उल्लास और उमंग के वातावरण में मनाया जाएगा। दीपावली, यह आत्म साक्षात्कार का दिवस है। दीपावली पर तेल से भरा जलता हुआ छोटा-सा दीपक यह संदेश देता है कि तिल-तिल कर जलना और प्रकाश बिखेरना जिस प्रकार दीपक का धर्म है, उसी प्रकार उत्सर्ग मानव धर्म हैं उत्सव का उद्देश्य होता है आपस में खुशियां बांटना। अगर कोई अकेला है और दुखी भी तो उसे साथ लेकर उल्लासित हो। जहां निराशा का अंधेरा नजर आए, वहां दीपक जलाकर उत्साह का प्रकाश बिखेरा जाए। पर आज तो चारों ओर घोर निराशा का साम्राज्य है, अन्धकार स्थापित हो चुका है। ऐसे समय में अन्धेरों से जूझने की आस्था कहां से आए, प्रकाश की किरणों को किस सूरज में ढूंढ़ा जाए, सर्वत्र निराशा का माहौल है, निराशा के इस दौर में आस्था को कैसे पाएं।

आज दीये सिसक रहें हैं और बाती अपनी बेबसी पर रो रही है, गोदामों में अन्नपूर्णा सड़ रही है इन अंधेरों के सौदागरों को पता ही नहीं है कि उनकी मुनाफाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटखोरी ने कितने ही घरों के चिरागों को बुझा दिया है। इस मानसिकता का दमन ही दिवाली का उत्सव है। चारो तरफ फैले दीये की रौशनी तले कितना अंधेरा है यह समझने के लिए हमें बस अपने आस-पास निहारने भर की जरूरत है।

विडंबना है कि किसी घर से मीठाई के डिब्बे बासी होने पर फेंके जाएंगे, तो कोई कई रातों बाद भी भूखा सोएगा। किसी घर के बच्चे तीन-चार जोड़ी कपड़े बदलेंगे, तो किसी के तन पर आज भी चिथड़े नहीं होंगे। कोई अमीर आज कुत्ते का घर भी सजायेगा पर किसी गरीब की बरसों से टूटी झोपड़ी में आज भी अंधेरा छाया रहेगा। सिर्फ दिवाली ही नहीं दिवाली के साथ शुरू हुई त्योहारों की श्रृंखला पास पड़ोस, सम्बन्धी, मित्रों के साथ मिलकर धूमधाम से मनाई जाती थी। अब हम सिमट रहे हैं अपने अपने दायरों में और दिवाली एसएमएस, ई-ग्रीटिंग, मिठाई, उपहारों का औपचारिक आदान-प्रदान, औपचारिक दिवाली मिलन समारोह जैसा 1-2 घंटे का कार्यक्रम कर अपने दायित्व की इतिश्री कर लेते हैं। दीपावली की रात्रि में अब मिट्टी के दीये के स्थान पर मोमबत्तियां और बिजली की झालर लगाने में दीपावली का मूल उद्देश्य कहीं भी दृष्टिगत नहीं होता है। दीपोत्सव के



उपलक्ष्य में सजे बाजारों की चमक-दमक और स्वार्थोल्लास में बहुत सारे लोग ऐसे भी होते हैं जो बाजार के किनारे पर ही खड़े रह जाते हैं, वे तो बस देख कर ही संतोष कर लेते हैं। मेरा मानना है कि त्योहार हमें त्याग सिखाते हैं, समाज में दूसरे के प्रति संवेदनशीलता और सहअस्तित्व से जीना सिखाते हैं, अपनी अतृप्त लालसा पूर्ति की जगह जरूरतमंद की जरूरत को पूरा करने का संदेश देते हैं। समझने की बात है कि घर के मुंडेर पर दीपक इसलिए नहीं रखते कि पड़ोसी से प्रतियोगिता करनी है, मेरा घर जगमग हो तो पड़ोसी का भी हो, मेरे आंगन में ही अकेली रोशनी क्यों हो, दूसरे के आंगन में मेरे आंगन से ज्यादा रोशनी हो। आस-पास हर घर में दीपक जले इसकी एक अघोषित चिंता और व्यवस्था का संस्कार ले कर बड़े हुए हैं हम। आज की पीढ़ी में यह संस्कार पश्चिमीकरण की आंधी में शिथिल अवश्य होने लगे हैं, पर समाप्त नहीं हुए हैं। हां, मात्रा का भेद जरूर आ गया है।

जीवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना करना, मानव जीवन में वास्तविक मूल्यों का प्रकाश भरना ही वक्त की आवाज है। सदाचार बनाम भ्रष्टचार, सच्चरित्रता बनाम चरित्रहीनता, साक्षरता बनाम निरक्षरता, मूल्य बनाम अवमूल्यन आदि की परिस्थिति से गुजरते हुए हमारा जीवन व्यतीत होता है। सभी शबनमों का मर्म एक ही है उजाला बनाम अंधेरा। ईमान का उजाला कदाचार के समक्ष धूमिल होता जा रहा है। दीपावली प्रकाश पर्व के नाम से जाना जाता हैं, दीप ज्योति ज्ञान की प्रतीक है। इस अवसर पर हमें ऐसा संकल्प लेना होगा जो देश की वर्तमान स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता के लिए सेतु बन सके। मानव मात्र के कल्याण एवं मंगल के लिए सामंजस्यपूर्ण जीवन प्रणाली और प्रगतिशील सामाजिक संस्कृति को स्वीकारना होगा।

हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम सभी वर्गों को एक साथ करके पूरे जन मानस के चारों ओर छाए अन्धकार को दूर करें और आलोक पर्व मनाएं तो 'तमसो मां ज्योतिर्गमय' सच सिद्ध होगा. श्रमपूर्ण संस्कृति की पुनः प्रतिष्ठा ही भारत को अजेय प्रकाशवानों का राष्ट्र बना पायेगी। स्वाधीन भारत में राष्ट्र लक्ष्मी का प्रकाश कुछ गिनी-चुनी मुंडेरों पर केंद्रित हो गया है। राष्ट्र लक्ष्मी सीमित तिजोरियों में कैद हो गई है, लक्ष्मी के शुभ प्रकाश को सचमुच उलूक पर बिठा दिया गया है।

राष्ट्र लक्ष्मी कुटियों में और अधिक आलोक बिखेरें, ज्योति से ज्योति जले, दीपोत्सव की आभा असंख्य आलोक पुष्पों में खिले। दीपावली कोई एक दिन का त्यौहार नहीं है, यह तो संकल्प का एक दिन है कि हम आज से भारत देश को अपनी सच्ची निष्ठा और ईमान की मेहनत के दीपों से वर्षपर्यन्त आलोकित करेंगे। इस लोकतंत्र का जब तक अंतःकरण से सम्मान नहीं होगा तब तक सच्चे अर्थों में श्रीराम का वनवास समाप्त नहीं हो पाएगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

### वृष
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

### मिथुन
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी।

### सिंह
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

### कन्या
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### तुला
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें।

### वृश्चिक
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

### धनु
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### मकर
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।


### कुंभ
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

### मीन
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है। वाहन सुख मिलेगा।














# नगर पालिका, बाडी

## राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का आमजन लाभ लें

- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना
- किसान सम्मान निधि योजना
- महात्मा गांधी नरेगा योजना
- लखपति दीदी योजना
- पेंशन योजना
- मुफ्त शिक्षा योजना
- लाडली सुरक्षा योजना
- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजना
- प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान
- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना
- प्रधानमंत्री जन धन योजना
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना
- प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना

- स्वच्छ भारत अभियान में सभी नगर पालिका का सहयोग करें।
- बिना निर्माण स्वीकृति के निर्माण नहीं करें।
- सड़क पर पानी, कचरा ना फैलायें।
- कूडे को कचरा पात्र में ही डालें।
- नगर पालिका की सम्पत्ति को नुकसान ना पहुँचायें।
- समय पर अपना नगरीय विकास कर जमा करायें।
- अपने बच्चों को खुले में शौच ना करायें।
- घर में जल प्रवाहित शौचालय का प्रयोग करें।
- नगर पालिका भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- सरकारी सम्पत्ति पर पोस्टर, बैनर लगाकर सुन्दरता ना बिगाड़ें।
- सडकों, गलियों तथा नालियों पर अतिक्रमण ना करें।

अध्यक्ष
**कमलेश देवी**
नगर पालिका, बाड़ी

अधिशाषी अधिकारी
**दुर्गा प्रसाद मीणा**
नगर पालिका, बाड़ी

समस्त नगर पालिका प्रशासन, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण













## मिलने के बहाने आए दो युवकों ने किया महिला से सामूहिक दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मुहाना थाना इलाके में दो युवकों के एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी परिचितों ने उसके साथ मारपीट की। अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। इस संबंध में थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि मुहाना इलाके में रहने वाली तीस वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि दोनों आरोपियों को परिचित होने के कारण जानती है।










## पता पूछने के बहाने रूके बदमाश युवक को गोली मार भागे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दौलतपुरा थाना इलाके में बुधवार देर शाम को घर के बाहर खड़े युवक को दिनदहाड़े बदमाश गोली मारकर भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक का मणिपाल हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि बाइक पर आए दोनों बदमाशों ने पता पूछने के बहाने रुके थे। पुलिस फायरिंग कर गोली मारकर भागे बाइक सवार बदमाशों की तलाश कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी चौमूं) अशोक चौहान ने बताया कि दौलतपुरा थाना इलाके में गोली लगने से घायल लोकेश उर्फ आयन (34) दौलतपुरा के बिशनगढ़ का रहने वाला है। जिसके बांए कंधे में गोली लगने पर उसे मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। जिसने पर्चा बयान में बताया कि बुधावार शाम वह घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान बाइक पर दो लड़के आकर उसके पास रुक कर आखेड़ा गांव जाने का रास्ता पूछा। पता बताने के दौरान पीछे बैठे लड़के ने देसी कट्टा निकालकर फायरिंग कर दी। लोकेश के कंधे पर गोली लगने पर वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। जिसके बाद हमलावर बाइक से तेजी से फरार हो गए। घायल लोकेश का कहना है कि वह गोली चलाने वाले दोनों लड़कों को नहीं जानता है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि गोली लगने से घायल लोकेश उर्फ आयन अपराधिक प्रवृति से जुड़ा हुआ है। जो विश्वकर्मा इलाके में एक युवक को गोली मारकर हत्या का प्रयास करने और एक शोरुम में डकैती मामले में गिरफ्तार हो चुका है।












# कार्यालय ग्राम पंचायत समिति बाडी

## राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का आमजन लाभ लें

- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना
- किसान सम्मान निधि योजना
- महात्मा गांधी नरेगा योजना
- लखपति दीदी योजना
- पेंशन योजना
- मुफ्त शिक्षा योजना
- लाडली सुरक्षा योजना
- प्रधानमंत्री उज्जवला योजना
- प्रधानमंत्री आवास योजना
- प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान
- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना
- प्रधानमंत्री जन धन योजना
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना
- प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना

- स्वच्छ भारत मिशन
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन
- एक पेड़ माँ के नाम
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
- मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजना
- इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना
- मुख्यमंत्री फ्री स्मार्ट फोन योजना
- राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक खेल

**अजय सिंह परमार**
प्रधान
पंचायत समिति, बाड़ी

**रामबोल सिंह**
विकास अधिकारी
पंचायत समिति, बाड़ी





# लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा दीपावली उत्सव कार्यक्रम मनाया

## बच्चों को दी मिठाई एवं फुलझड़ी पटाखे प्रदान किए गए



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** बुधवार को स्वास्थ्य मंदिर पर लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा खिलता बचपन सवरता जीवन प्रकल्प के बच्चों के साथ दीपावली महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इकाई की अध्यक्ष कविता गोयल ने बताया कि लघु उद्योग भारतीय प्रतिवर्ष गरीब बच्चों के साथ दीपावली बनाकर उन्हें मिठाई व फुलझड़ी पटाखे देती है ताकि यह बच्चे भी दीपावली मना सके हैं। इकाई द्वारा 100 से अधिक बच्चों को मिठाई व फुलझड़ी पटाखे प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती की सदस्य वंदना कुलश्रेष्ठ, रितु अग्रवाल, मीरा गोयल, रंजना पाराशर, अर्चना गोयल ने सहयोग प्रदान किया। प्रकल्प प्रभारी कुसुम कुमारी एवं ममता सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य मंदिर पर प्रतिदिन बच्चों को शिक्षा देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है ताकि यह कबाड़ा बीनने के परंपरागत कार्य को छोड़कर शिक्षा में आ सकें। जिसमें स्वास्थ्य मंदिर इनकी सभी जरूर को पूरा कर इन्हें प्रतिदिन शिक्षा दे रहा है।
















## बीडीओ की मानवता भरी पहल : अग्निकांड पीड़ित परिवार को दी 11 हजार की आर्थिक सहायता

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** पंचायत समिति के विकास अधिकारी मातादीन मीणा ने मानवता भरी पहल की है। बीडीओ ने अग्निकांड पीड़ित परिवार को स्वयं, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश चंद जाटव व ग्राम विकास अधिकारी ललित कुमार शर्मा के सहयोग से 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की है। ग्राम विकास अधिकारी ललित शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत पाली डांग निवासी वीरेंद्र सिंह गुर्जर के छप्परपोश घर में दो दिन पहले अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिसमें उसका सारा सामान जलकर खाक हो गया था। पीड़ित परिवार खुले आसमान के तले आ गया था। पीड़ित परिवार की पीड़ा देख बीडीओ मातादीन मीणा ने पहल की और कार्मिकों के सहयोग से पीड़ित परिवार को 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की।










# कृषक खाद बीज खरीदते समय पक्का बिल अवश्य ले- गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कृषि विभाग की और रबी गुण नियन्त्रण अभियान के तहत कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने उपखण्ड के जामड़ोली क्षेत्र का दौरा कर खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने बताया कि कृषि आयुक्तालय जयपुर के निर्देशानुसार रबी गुण नियन्त्रण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत उर्वरक का अवैध भण्डारण, निधारित दर से अधिक मूल्य लेने वाले या अन्य किसी भी प्रकार की काला बाजारी करने वाले कृषि आदान विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी, कृषकों को कृषि आदान खरीदते समय पक्का बिल लेने की अपील करते हुए कहा कि यदि कोई विक्रेता पक्का बिल देने से मना करने पर जिला स्तरीय नियन्त्रण कक्ष या सम्बन्धित कृषि पर्यवेक्षक या सहायक कृषि अधिकारी के माध्यम से सूचना देने पर सम्बन्धित कृषि आदान विक्रेता के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये साथ ही सभी दुकानदार अपने पास उपलब्ध स्टॉक को प्रदर्शित करने हेतु दर्शनिय स्थल पर मूल्य सूची लगाये।




## मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में 31 अक्टूबर तक पंजीयन कराने पर 1 नवंबर से मिलने लगेगा 25 लाख रूपये के स्वास्थ्य बीमा का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर द्वितीय ।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ प्रदेश के बड़े शहरों से लेकर गांव तक हर जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। आयुष्मान योजना का अंतर्गत पंजीकृत परिवार को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर का लाभ मिल रहा है। योजना में पंजीकृत परिवार प्रदेश के समस्त अधिकृत निजी एवं राजकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क इलाज का लाभ प्राप्त कर सकतें है। योजना में पंजीयन से वंचित परिवारों को 31 अक्टूबर, 2024 तक पंजीयन कराने पर 1 नवम्बर से योजना का लाभ मिल सकेगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ0 हंसराज भदालिया ने योजना में पंजीकृत समस्त वंचित परिवारों से अपील की है कि ऐसे परिवारों को 31 अक्टूबर, 2024 तक पंजीकरण करवा लेना चाहिए ताकि एक नवम्बर से योजना का लाभ मिल सके, क्योंकि इसके बाद नियमानुसार तीन माह बाद यानी एक फरवरी, 2025 से लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कई बार परिवार का पंजीकरण नही होने और बीमारी या दुर्घटना होने की स्थिति से परिवार निशुल्क उपचार से वंचित होना पडता है और बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पडता है। योजना में पंजीयन करवाने के बाद लाभार्थी को 25 लाख रूपए तक का निशुल्क इलाज मिल सकेगा साथ ही 10 लाख रूपए तक का चिरंजीवी दुर्घटना बीमा भी निशुल्क मिलेगा।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ( स्वास्थ्य) डॉ. सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक जनगणना-2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड-19 की अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है, ऐसे परिवारों का पंजीकरण स्वत: ही हो रहा है। योजना के अंतर्गत अपने परिवार का पंजीकरण करवाने हेतु जन आधार कार्ड/आधार कार्ड/जन आधार पंजीयन रसीद के द्वारा अपने नजदीकी ई-मित्र के माध्यम से एवं स्वयं की एसएसओ आईडी से अपना पंजीकरण करा सकते है।

### सार्वजनिक सूचना


सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है, कि राजनीतिक दल हिंदुस्तान लिबरल फ्रंट (पैसिफिक) नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है, पार्टी कार्यालय पता : 72, 6 D इंजीनियर कॉलोनी, भंवर नगर, मान्यावास, मानसरोवर, जयपुर -302020

इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है, पार्टी के पदाधिकारियो के नाम / पता नीचे दिए गए है,

अध्यक्ष संदीप सिंह पता : 19 A , कुमावत बाडी, खातीपुरा जयपुर;

महासचिव- प्रताप सिंह, पता : बी 26 , नित्यानंद नगर, वैशाली नगर, जयपुर

कोषाध्यक्ष आकांक्षा शर्मा पता : 75, शालीमार बाग एक्सटेंशन, हीरापुरा, वैशाली नगर, जयपुर 302021, राजस्थान । यदि किसी को राजनीतिक दल हिंदुस्तान लिबरल फ्रंट (पैसिफिक) के पंजीकरण पर कोई आपत्ति है तो वे इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर सचिव (राजनीतिक दल) भारतीय निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को अपनी आपत्ति भेज सकते है।









# राजस्थान में गौमाता को राज्य माता का दर्जा देने पर होगा विचार-बेढ़म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** राजस्थान के गोपालन एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा है कि गौ माता को राज्य माता का दर्जा देने के बारे में सकारात्मक रुप से आगे बढ़ा जायेगा। बेढ़म मंगलवार को पिंजरापोल गौशाला में धनतेरस पर्व के अवसर पर श्री काल भैरव भगवान की पूजा अर्चना एवं आरती की और प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। इस अवसर उन्होंने मीडिया से बातचीत में गाय को राज्य माता का दर्जा दिए जाने के बारे में किए गए सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि गाय को राज्य माता का दर्जा देने के लिए विभिन्न संगठनों के माध्यम से ज्ञापन मिला है और इस संबंध में सकरात्मक रुप से आगे बढ़ा जायेगा। गोपाष्टी पर्व को राजकीय पर्व के रुप में मनाये जाने के



सवाल पर उन्होंने कहा कि गोपाष्टी पर्व सरकारी स्तर पर मनाई जानी चाहिए और जैसा कि बताया जा रहा है कि गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने इस संबंध में आश्वासन दिया है तो हमारा गोपालन विभाग इसके लिए व्यवस्था करेगा। गाय पर राजनीति करने के कांग्रेस के आरोप पर श्री बेढ़म ने कहा कि उनके पास कहने को कुछ है नही, वे लोग कभी कहते है गाय के नाम राजनीति, कभी कहते है मंदिर एवं सनातन के नाम राजनीति होती हैं। कांग्रेस और विपक्ष के ये लोग सनातन संस्कृति के घोर विरोधी है और जो इसके घोर विरोधी है वे भारतीय संस्कृति के भी घोर विराधी हैं।उन्होंने कहा कि हमारी पुरानी संस्कृति और विरासत का संरक्षण करते हुए इस देश को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृतव में लोग चल पड़े है और राजस्थान में पिछले दस महीने में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी के लिए काम कर रही है और हम स्वर्णिम राजस्थान बनायेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिष के अंतर्राष्टीय अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा कि श्री मोदी के संकल्प प्रतिरुप महाराष्ट्र में गौमाता को राज्य माता दर्जा दिया गया है और अब केन्द्र सरकार गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देना चाहती हैं।

# सोने चांदी के भाव में भारी तेजी के बावजूद ज्वेलरी व्यवसाय पर ग्राहकों की भीड़ जुटी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** दीपोत्सव पर्व को लेकर धीरे-धीरे बाजार में ग्राहकों का रुख बढ़ने के साथ ही ज्वेलरी व्यवसाय पर भी ग्राहकों का रुझान देखा जा रहा है। शहर की ख्यातनाम ज्वेलर्स फर्म कृष्णा जेम्स एंड ज्वेलर्स पर धनतेरस को सुबह से ही ग्राहकी का दौर शुरू हो गया । संचालक पुष्कर सोनी ने बताया कि हमारे यहां धनतेरस पर्व पर 99 , 97 , 92.50 त्न शुद्धता में हॉलमार्क के साथ सुंदर आकर्षक मूर्तियां , बर्तन , पूजा सामग्री, 92.50 त्न शुद्ध चांदी में इटालियन एवम टेंपल ज्वैलरी



एवम गिफ्ट आर्टिकल्स की स्कीम के प्रति आकर्षण है। चंद्र प्रकाश सोनी बताते हैं कि इस वर्ष चांदी व सोने के भावों में भारी तेजी होने के बावजूद आज धनतेरस से खरीदी के प्रति ग्राहकों में खूब उत्साह देखा गया। शुद्ध चांदी में निर्मित उपहार आर्टिकल्स सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी जयपुर द्वारा प्रमाणित 999 शुद्धता के लक्ष्मी गणपति जी के सिक्के , शुद्ध चांदी में निर्मित सुंदर आकर्षक गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां, पूजा प्लेट, चांदी के गिलास, व गोल्ड फॉयल वाली मूर्तियां, एंटीक पायल , एंटीक जेवर खरीद में भी रुची देखी जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इस बार धनतेरस से दीपावली की चहल-पहल और अच्छी ग्राहकी शुरू हो गई है। आगामी दिनों में शादी ब्याह के शुभ मुहूर्त के लिए भी ग्राहक विश्वसनीयता के चलते जेवर की अग्रिम बुकिंग करवा रहे हैं।






## रूप चतुर्दशी
### घर-घर में गृह लक्ष्मी ने संवारा रूप, ब्यूटी पार्लर में रही भीड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी बुधवार को रूप चतुर्दशी के रूप में मनाई गई। दीपावली पर मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए गृह लक्ष्मियों ने चंदन और मुल्तानी मिट्टी उबटन कर रूप निखारा। नव विवाहितओं में सजने-संवरने का उत्साह देखा गया। ब्यूटी पार्लर और लेडिज सैलून पर भारी भीड़ रही। सूर्योदय से पहले उठकर पानी में केसर, हल्दी, कपूर, गुलाब जल, दूध सहित अन्य सुगंधित द्रव्य मिलाकर स्नान किया। उबटन कर सुगंधित तेल से मालिश की। श्रद्धालुओं ने सुबह भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की। नरक चतुर्दशी की रात को तेल के 14 दीपक जलाए। घर के बाहर गृह स्वामी ने यम दीप जलाकर यम की पूजा की। धार्मिक मान्यता है कि इससे घर के सदस्यों की अकाल मृत्यु नहीं होती।

**दीपावली से जुड़े सामान की खरीददारी :** बुधवार को लोगों ने दीपावली से जुड़े सामान की खरीददारी की। रंगोली के रंग, घर को सजाने के लिए गुलदस्ते, बांदरवाल के साथ घर को रोशन करने के लिए मिट्टी के दीये खरीदे। इस बार कुम्हारों ने विभिन्न वैरायटी में दीपक तैयार किए हैं। ड्राइंग रूम के लिए अलग से रंगीन दीपक खरीदे गए। वहीं टोंक रोड स्थित सनराइज वैदिक पादक केन्द्र से गोबर से बने रंगीन और सामान्य दीपकों की खरीददारी हुई। मोनिका गुप्ता ने बताया कि गौ संवर्द्धन की प्रेरणा देने के लिए गोबर से दीपक बनाए गए है। वहीं, हिंगोनिया गौ पुनर्वास केन्द्र से करीब ढाई लाख गोमय दीपक राजधानी के सभी ढाई सौ वार्डों में पहुंचाए गए। नगर निगम ग्रेटर और नगर निगम हैरिटेज ने इस बार गोयम दीपक से रोशनी करने का निर्णय लिया है।

### दीप मालिका पर्व पर बाजारों में उमड़ी भीड़, भारी महंगाई के बावजूद धनतेरस पर सोने, चांदी के आभूषणों की अच्छी बिक्री

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** दीपोत्सव पर्व की रौनक चहुंओर दिखाई देने लगी है । त्योहार के नजदीक आते ही बाजारों में अच्छी भीड़ दिखाई दी। दीपावली के त्यौहार के चलते बाजार में सजी हुई दुकानों में मिठाइयों, आभूषण आइटम्स, रंगोली, फल और फूल मालाओं,पूजन सामग्री, दीपक, मटके एवं रंगोली आदि प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही।

चित्तौड़गढ़ शहर के प्रमुख बाजारों सहित कलेक्ट्रेट और प्रमुख मार्गों व चौराहों पर विद्युत सज्जा कर दी है। रंग बिरंगी विद्युत सज्जा, रोशनी की गई है, जिसको देखने के लिए भी लोग बाजार में निकल रहे हैं।

दीपोत्सव के प्रथम दिन धनतेरस के मौके पर समूचे शहर में उमडी भीड से बाजार में धनवर्षा होने से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्वर्ण रजत आभूषण, बर्तन, नये वस्त्र, सजावटी सामान, घरेलु उपयोग की सामग्री, विभिन्न प्रकार के वाहन, इलेक्ट्रोनिक सामान, मिठाईयां, पटाखे, आतिशबाजी खरीदने में रूचि ली जिसके फलस्वरूप व्यापारियों में भी उत्साह देखा गया।











शुभ दीपावली
नववर्ष मंगलमय हो
ब्यावर जिला पत्रकार संघ
घनश्याम वर्मा
संरक्षक
प्रमोद वाजपेयी
संरक्षक
रामप्रसाद कुमावत
संरक्षक
सिद्धार्थ जैन
संरक्षक
प्रेमदत्त मिश्रा
संरक्षक
विजेन्द्र प्रजापति (जौली)
संरक्षक
डॉ. भवानी सिंह शेखावत
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
ईशान कुमावत
उपाध्यक्ष
आनन्द सोनी
महासचिव
अनिल खींची
कोषाध्यक्ष
हेमेन्द्र सोनी
कोषाध्यक्ष
बलवीर जलवानिया
कोषाध्यक्ष
कमल साहू
सचिव
अनिल सिखवाल
सचिव
प्रकाश भाट
संगठन मंत्री
अमित जैन (गोधा)
संगठन मंत्री
नरेश शर्मा
प्रचार मंत्री
श्याम लाल सैनी
अध्यक्ष, बर-रायपुर ब्लॉक
विनोद विश्वकर्मा
अध्यक्ष, बिजयनगर तहसील
महेन्द्र सिंह रावत
कार्यकारिणी सदस्य
विष्णुदत्त धीमान्
जिलाध्यक्ष




B
BDN
यह रोशनी सच्चाई और निष्पक्षता की पहचान कराये, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और मजबूत हों ताकि लोगों के भीतर पत्रकारिता और मीडिया के प्रति विश्वास का दीपक अनवरत जलता रहे ! इन्हीं भावों के साथ ...
शुभ दीपावली
हेमेन्द्र सोनी
संस्थापक व एडमिन :
बीडीएन ग्रुप ब्यावर
कोषाध्यक्ष :
ब्यावर जिला पत्रकार संघ
ब्यावर डेली न्यूज
• ब्यावर जिले का प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय वाट्सएप सूचना प्रसारण ग्रुप
• 50 किलोमीटर की अवधि तक सक्रिय सदस्य
• उठावना, ख्रोया-पाया, गुमशुदा, शोक संदेश जैसे सूचनाओं का निःशुल्क पोस्ट
• ब्यावर जिले ख़बरों को सीधे आपके मोबाइल तक, प्रामाणिकता के साथ पहुंचाने हेतु सजग
• आपके प्रतिष्ठान की जिले में हो सकती है पहचान, क्योंकि हमारे पास है आइडिये की उड़ान
23 वाट्सएप ग्रुप
8500 सदस्य
12 वर्षों का विश्वास
निःशुल्क सदस्यता
आज ही जुड़ें हमारे वाट्सएप ग्रुप से दिये गये बार कोड को स्कैन करें
हमसे जुड़ने हेतु या सीधे खबरें भेजने हेतु सम्पर्क करें :-
94143-14337
80055-45599




दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
रपट
ताण्डव 2
नजदीकी सिनेमा घरों में / दिसम्बर 2024
इशिका जैन
सदस्य, राजस्थान महिला कांग्रेस प्रदेश समिति
प्रभारी राजस्थान, सुपर शी महिला सशक्तिकरण शाखा
राजनीति में उभरती अभिनेत्री
राजस्थानी फिल्मों की निखरती अदाकारा
अभिनय से अमिट छाप छोड़ चुकी
उभरती कलाकार, सक्रिय समाजसेवी
हँसमुख, युवा पीढ़ी के लिये प्रेरणा बनी
ब्यावर की लाड़ली
के उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामनाएं
शुभेच्छुः
संदीप कुमार जैन-ममता जैन
पारस देवी प्रॉडक्शन, राज.




Wish you all a very very Happy Diwali
KD Jain Group of Schools' Beawar
K.D. JAIN ग्रुप
जहाँ सफलता के सपने सच होते हैं, संस्कारों के साथ सर्वश्रेष्ठ शिक्षा......
सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन.... सर्वश्रेष्ठ परिणाम.... सच्चे परिणाम......
Smt. Kanchan Devi Jain Sr. Sec. School
Outside Mewari Gate Beawar-305901 (Raj.) Mob.: 9414272860
Play Group to XII
Hindi / English Medium
SMT.K.D. JAIN English Med. School
Outside Mewari Gate Beawar-305901 (Raj.) Mob.: 9950947474
Play Group to X
K.D. Jain English Med. Sr. Sec. School
Near Ramdev Temple, Udaipur Road, Narbadkheda, Beawar -305901 (Raj.) Mob.: 8696246000
Play Group to XII
SCIENCE
Physics, Chemistry, Biology, Mathematics, Agriculture Science
COMMERCE
Accounts, B.O., Economics, Computer Science, Typing, Commercial Maths
ARTS
Geography, Political Sci., History, Economics, Hindi / English Literature, Computer Science, Drawing
Kanchan Bal Nutan Vidhya Mandir
Balad Road, Beawar -305901 (Raj.) Mob.: 9829770011
Play Group to X
DELHI PUBLIC SEC. SCHOOL
Gopal Sagar, N.H. 8, Ajmer-Beawar Highway, BEAWAR -305901 (Raj.) Mo.: 7300097428, 7300097429
Play Group to X
TO BE AFFILIATED TO CBSE BOARD
हॉस्टल व डे-बोर्डिंग सुविधा 9414272860

# जेजेएम कार्यों की मॉनिटरिंग कर, पूर्ण हो चुके कार्यों की मौके पर जाकर जांच करें : जिला प्रभारी सचिव

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी ने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जल जीवन मिशन में प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण हो चुके कार्यों का सत्यापन कर रोड रिपेयर आदि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे करायें। जिला प्रभारी सचिव बुधवार को कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपखंडवार जल जीवन मिशन, क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों एवं राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों का सरकार की मंशा के अनुरूप क्रियान्यवन सुनिष्चित हो। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को उपखण्डों में समन्यवयक की भूमिका निभाते हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा कराने के लिए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देते समय किसी भी स्तर





पर समस्या आने पर त्वरित निराकरण कर आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाए। जिला प्रभारी सचिव ने जल जीवन मिशन अभियान की विस्तार से समीक्षा करते हुए उपखंडवार गांव में हुए जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली तथा उपखंड अधिकारियों को अब तक हो चुके कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने, प्रगतिरत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने व रोड रिपेयर कार्य की टीम बनाकर जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र भ्रमण पर जाएं तो कार्यों की गुणवत्ता के साथ लाभान्वित परिवारों से भी फीडबैक ले जिससे कर्मियों में समय पर दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान रोड रिपेयर के जो भी कार्य संतोषजनक नहीं पाये जायें तो उनका भुगतान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नहीं किया जाए। उन्होंने आगामी 10 दिवस में जिले भर में जल जीवन मिशन के कार्यों के क्रियान्यवयन, रोड़ रिपेयर आदि कार्य का टीम के द्वारा मौके पर सत्यापन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता एवं क्रियान्यवयन में किसी भी स्तर की लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिला प्रभारी सचिव ने कहा कि मानसून सीजन समाप्त हो चुका है ऐसे में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जहां भी सड़क मरम्मत के कार्य किए जाने हैं उन्हें समय पर पूरा करते हुए आमजन को सुरक्षित यातायात की सुविधा प्रदान करें। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में रोड रिपेयर के कार्य की मॉनिटरिंग करते हुए समय पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व मामलों का समय पर निस्तारण करने, कार्यालय में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनकर सम्बन्धित विभागों से त्वरित निराकरण कराने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने सभी उपखंड अधिकारियों को राजस्व न्यायालय में लम्बे समय से लंबित चल रहे प्रकरणों को चिन्हित कर प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये।







## दीपावली के अवसर पर बाजारों में बढ़ी रौनक, विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने बाजारों में की लोगों से रामा-श्यामा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्य प्रकाश अग्रवाल)।** चुनावों के दौरान प्रत्याशी के रूप में नेता घर-घर जाकर वोट मांगते हैं। बहुत से नेता निर्वाचन के बाद जनता से दूरी बना लेते हैं और लोगों से मिलने में भी परहेज करने लगते हैं। हालांकि ऐसे बहुसंख्य नेताओं को जनता भी दोबारा मौका नहीं देती है। पहले ही दिन अपने निराले अंदाज में ट्रैक्टर चलाकर राजस्थान विधानसभा में जाने वाली बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत जनता के बीच अपनी मौजूदगी हमेशा बनाये रखती हैं। ऐसे में वो दीपावली जैसे महापर्व को कैसे भूल सकती थीं। मंगलवार को जन-जन की लाड़ली विधायक डॉ. बनावत ने बयाना, रुदावल, रूपबास कस्बे के मुख्य बाजारों में पैदल निकलकर लोगों से रामा-श्यामा की। विधायक ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पंच दिवसीय दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें दी। इस दौरान बाजारों में दुकानदारों व दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र से खरीददारी करने आये लोगों को भी दीवाली की मंगलकामनायें दीं। लोगों ने भी कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों के काफिले के साथ निकली विधायक बनावत की शुभकामनायें स्वीकार कर धन्यवाद ज्ञापित किया। रामा-श्यामा को लेकर की गयी कस्बे की इस यात्रा के दौरान विधायक का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। कई स्थानों पर विधायक को साफा बंधवाया गया, कई जगहों पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने विधायक को पटका व शॉल भेंटकर अभिनन्दन किया। लोगों को विधायक ने आश्वस्त किया कि वो सदैव क्षेत्र के विकास के लिये समर्पित रहकर काम करेंगी। विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को उठाती रहेंगी एवं सरकार के सामने क्षेत्र के विकास के लिये आवाज उठाती रहेंगी। विधायक ने लोगों को भरोसा दिलाया कि जिन अपेक्षाओं के साथ उनको विधायक निर्वाचित किया है वो उन पर खरा उतरने का प्रयास करती रहेंगी एवं लोगों को निराश नहीं करेंगी। इस दौरान विधायक के काफिले में प्रीतम सिंह सूपा, भूरा भगत, निरंजन सूपा, बनवारी मावई, पूर्व सरपंच विजयभान सिंह, अजय सिंह, राजीव गुर्जर, दीपक शर्मा, परमानंद दमदमा, राजाराम, महेन्द्र सिंह, मनोज गुर्जर, अर्जुन पहलवान, विक्रम चौहान, बहादुर पहलवान, किशन सिंह कुशवाह, हंसा गुर्जर, विक्रम सिंह, संदीप गुर्जर आदि मौजूद रहे।







## धनतेरस पर दिखा खरीदारी का उत्साह, बाजारों में त्यौहारी रौनक शुरू, बर्तन, ज्वैलरी, बाइको की जमकर बिक्री हुई



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** धनतेरस के पहले दिन सुबह से ही बाजार गुलजार दिखे। माना जाता है कि इस दिन खरीदारी से घर में सुख-समृद्धि आती है। ऐसे में लोग बर्तन, आभूषण, वाहन, प्रोपर्टी, कपड़ों आदि की खरीदारी करते दिखे।

शहर के बाजार में सवेरे से ही भीड़ बनी रही। व्यापारी भी अपने लिए बहीखाते खरीदते दिखे। दीपावली पर इनकी पूजा होती है। इसके बाद नए वित्तीय वर्ष से इनका उपयोग किया जाता है। सबसे ज्यादा डिमांड सिक्कों और बर्तनों की रहती है।समय के साथ भले ही मार्केट में कई नई वस्तुएं जुड़ गई हैं, लेकिन आज भी बाजार में सिक्कों और बर्तनों की डिमांड है। परंपरानुसार लोग आज के दिन सबसे अधिक सिक्के और बर्तन ही खरीदते हैं। लोगों ने बाजार में सोने-चांदी के सिक्के, स्टील, तांबे और पीतल के बर्तन खरीदे।

कई लोगों ने मान्यतानुसार कांसे के बर्तन भी खरीदे। दिवाली पर्व को लेकर शहर के बाजारों में सैंकड़ों अस्थाई दुकानें खुल गई है। बाजार में त्योहारी रौनक शुरू हो गई है। लोग दिवाली पूजन और सजावट के लिए बाजारों में सामान खरीदने दिखाई दे रहे हैं। धनतेरस के साथ ही ऑटोमोबाइल मार्केट में भी बूम दिखाई दे रहा है। टू व्हीलर शोरूमों पर खरीदारों के भीड़ उमड़ती दिख रही है।









## 'दिवाली विद माय भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत किया स्वच्छता श्रमदान



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र एवं कनफेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के संयुक्त तत्वावधान में 'दिवाली विद माय भारत' की प्रथम वर्षगांठ पर सवाई माधोपुर में महावीर पार्क, अंबेडकर सर्किल, सब्जी मंडी चौराहा के आस पास युवाओं द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कियाद्य कार्यक्रम के बारे में युवा मंडल के हेमन्त शर्मा ने बताया कि जिले में माय भारत के युवाओं ने संदेश दिया कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार हैद्य इसी क्रम मे नगर परिषद के कार्मिकों एवं स्कॉट के महेश सेजवाल द्वारा भी स्वच्छता का संदेश देकर कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी का भी संकल्प है स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत तो हम इस दिवाली सबसे पहले प्रत्येक व्यक्ति अपने आस पास गंदगी न करे स्वच्छता रखें।

## देवेन्द्र मुनि म.सा. की 94 वीं जयन्ती एवं 1008 जोड़ों द्वारा घण्टाकर्ण महावीर अनुष्ठान आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ.संयमलताजी म. सा.,डॉ. अमितप्रज्ञाजी म. सा., कमलप्रज्ञाजी म. सा., सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में श्रमण संघीय तृतीय पट्टधर आचार्य सम्राट देवेंद्र मुनि म.सा. की 94वी जन्म जयंती मनायी एवं इस अवसर पर 1008 सजोड़ें का भव्य महामंगलकारी घंटाकर्ण महावीर अनुष्ठान संपन्न हुआ।















# नवचयनित आरजेएस मेघा जैन का किया अभिनन्दन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** जिले के निवाई निवासी सुरेश चन्द पहाड़ी वालो की प्रतिभाशाली लाडली मेघा जैन का मालपुरा के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में अभिनन्दन किया गया। बीति देर रात्रि आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी और सुरम्य मती माताजी के पावन सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में निवाई निवासी सुरेश चन्द पहाड़ी वालो की प्रतिभाशाली लाडली मेघा जैन अपने माता पिता के साथ आर्यिकाओ का आर्शिवाद प्राप्त करने के लिए उपस्थित हुई। समाज के पवन जैन संगम ने बताया कि मेघा जैन का अभी हाल ही में आरजेएस में चयन हुआ है। आरजेएस में चयन होने के बाद मेघा जैन अपने माता पिता के साथ मालपुरा प्रवास रहे। अपनी अटूट धार्मिक आस्था प्रकट करते हुए मेघा जैन व उनके माता पिता श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंच कर चातुर्मास के लिए विराजित आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी और सुरम्य मती माताजी सहित जैन दीदीया का दर्शन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। मौके पर मौजुद अग्रवाल समाज मालपुरा के अध्यक्ष ताराचन्द जैन, कोषाध्यक्ष कैलाशचन्द कालेड़ा, सुरेन्द्र मोहन एडवोकेट, त्रिलोकचन्द जैन व अन्य मौजुद समाज बंधुओं ने आरजेएस में चयनित सुश्री मेघा जैन व उनके माता पिता का अभिनन्दन कर समाज का मान बढ़ाने के लिए बधाई दी।




# दीपावली पर गोविंद देवजी मंदिर में सजेगी रंगोली-लंपा पोशाक धारण करेंगे ठाकुरजी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंद देवजी दीपावली पर 31 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। शाम को ठाकुर श्रीजी के सम्मुख जगमोहन में विशेष रंगोली बनाई जाएगी। पूरे मंदिर परिसर में 1100 दीपकों से रोशनी की जाएगी। ठाकुर श्रीजी को लड्डू भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि 31 अक्टूबर को मंगला झांकी से पूर्व ठाकुर श्रीजी का वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। ठाकुरजी को सुनहरे पारचे की लप्पा पोशाक धारण कराई जाएगी। विशेष अलंकारों और ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया जाएगा।

**सुबह लगातार पांच घंटे होंगे दर्शन :** सुबह मंगला से धूप झांकी तक पांच घंटे लगातार दर्शन देंगे। दीपावली पर श्रद्धालुओं के भारी संख्या में उमडने के कारण गोविंद देवजी मंदिर प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है। मंगला झांकी के दर्शन सुबह 4 से 7 बजे तक होंगे। इसके बाद धूप झांकी खोली जाएगी। यह झांकी नौ बजे बंद होगी। यानि श्रद्धालु मंगला झांकी में लगातार तीन घंटे दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद भोग के लिए मात्र पंद्रह मिनिट पट मंगल रहेंगे। इसके बाद नौ बजे तक धूप झांकी रहेगी। इस प्रकार दर्शनार्थियों के लिए लगातार पांच घंटे तक पट खुले रहेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु आराम से दर्शन कर सकें।

# राज्यपाल बागडे ने दीप पर्व की शुभकामनाएं दी

## सभी के सुख-समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली के लिए की कामना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपकों के उजास में ही जीवन की उत्सवधर्मिता समाई है। उन्होंने मां लक्ष्मी से सभी के लिए सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करने की कामना की है।















समस्त बयाना वासियों को
पांच दिवसीय दीपोत्सव के अवसर
दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


रमन धाकड़
जिलाध्यक्ष, भाजपा ओबीसी मोर्चा


डॉ. योगेश तिवारी
वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ
आर.के. हॉस्पीटल


प्रदीप आर्य
लक्ष्मी मैरिज होम


सुरेन्द्र खटाना
निदेशक, फ्यूचर चाइल्ड
इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल, बयाना


प्रमोद जैन
अध्यक्ष, जैन समाज, बयाना


नीरज सारस्वत
निदेशक, ब्राइटलैण्ड पब्लिक स्कूल, बयाना


सुधीर सिंघल
गोमती स्टोन, गैंगसा बयाना


संजय मित्तल
डायरेक्टर, कम्प्यूटर वैली, बयाना


धीरज बंसल
अध्यक्ष, फर्नीचर संघ, बयाना


जयदेव लाला
गर्ग कैटर्स, बयाना



कार्यालय ग्राम पंचायत बाबरिया
तहसील बानसूर, जिला कोटपूतली बहरोड़

- सड़क पर पानी कचरा ना फैलाएं
- कूड़े को कचरा पात्र में डालें
- ग्राम पंचायत की संपत्ति को नुकसान ना पहुंचाएं
- अपने बच्चों को खुले में शौच ना कराए
- घर में जल प्रवाहित शौचालय का प्रयोग करें

आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

- ग्राम पंचायत की भूमि पर अतिक्रमण न करें
- समय पर 21 दिन के अंदर जन्म, मृत्यु व विवाह का पंजीयन कराए
- वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें
- यातायात के नियमों का पालन करें
- ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने में सहयोग करें


मंजू रावत
सरपंच, ग्राम पंचायत बाबरिया


अमित आर्य
ग्राम विकास अधिकारी, बाबरिया


महेश रावत
सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत बाबरिया




## यातायात पुलिस ने गुम हुआ पर्स महिला को लौटाया

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सोडाला थाना इलाके में पुलिस की यातायात शाखा में पदस्थापित हेड कांस्टेबल दारा सिंह ढाका, महिला कांस्टेबल खामोशी को सोडाला चौराहे पर एक पर्स मिला है।

## इंटर स्कूल चैम्पियनशीप में स्ट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी रही तीसरे स्थान पर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शहर में आयोजित तीसरी इंटर स्कूल डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप 2024 में स्ट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी तीसरे स्थान पर रहीं। स्ट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी राजस्थान टेक्निकल डायरेक्टर संजू सिंह ने बताया कि उदयपुर में आयोजित तीसरी इंटर स्कूल डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में स्ट्रीम मार्शल आर्ट एकेडमी के 32 खिलाड़ियों ने 14 स्वर्ण पदक के साथ 30 पदक जीते। पदक विजेताओं में सीनियर वर्ग में .कमलेश सेन,कुमिते में कांस्य पदक,केडिट वर्ग में आदित्य सिंह कुमिते में कांस्य , दक्ष चंडालिया ने कुमिते में स्वर्ण, अक्षया लोगनाथन में कुमित में रजत और सब जूनियर वर्ग में समिष्टा गहलोत ने कुमिते में रजत, हिया चंडालिया ने कुमिते में स्वर्ण, शांभवी लोगनाथन ने कुमिते में स्वर्ण, निमिषा कुमावत ने कुमिते में स्वर्ण,गज़ल बापना ने कुमिते में स्वर्ण, आरवी जैन ने कुमिते में स्वर्ण, हितांशी धरावत ने कुमिते में कांस्य,मितांश डांगी ने कुमिते में स्वर्ण, तुषांक टांक ने कुमिते में कांस्य,अक्षित सोमानी ने कुमिते में कांस्य, परी चतुर्वेदी ने कुमिते में कांस्य, देवांश टाटावत ने कांस्य ,प्रिंस साहू ने स्वर्ण,कशिश टाटावत ने स्वर्ण, मनन ने स्वर्ण, दीप सिंह ने स्वर्ण पदक, सिया चौहान ने कांस्य पदक, नितिन चतुर्वेदी, धैर्य सैनी ने कास्यं, चार्वी सुराना ने कांस्य व स्वर्ण, राजवीर साहू,विवान डांगी,विनी ओझा, ने कांस्य, लक्षिका पटेल, ख्वाहिश कोठारी,कर्तव्य कोठारी कुमिते ने स्वर्ण पदक जीते।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य सेवानिवृत्त, दी भावपूर्ण विदाई

राकेश शर्मा




**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सवाई माधोपुर जगदीश आर्य की सेवानिवृत्ति पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अभिनंदन समारोह हुआ। इस दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, एसडीएम चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, डीएलआर चन्द्र शेखर शर्मा, कोषाधिकारी कुलदीप मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमन्त सिंह सहित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने साफा बंधवाकर, माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। साथ ही उनके आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य ने अपनी 34 वर्ष के राजकीय सेवा के दौरान सचिव राजस्थान राज्य वरिष्ठ नागरिक बोर्ड, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर, शासन उप सचिव कला संस्कृति एवं साहित्य विभाग जयपुर, उपायुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी है। जिला कलक्टर ने समारोह में कहा कि अधिकारी जीवन में व्यावहारिक सोच रखें।












RERA NO.: RAJ/P/2020/1215
RERA NO.: RAJ/P/2021/1699
Website: http:/rera.rajasthan.gov.in

AKANSHA

नगर विकास न्यास, कोटा (राज.)
द्वारा अनुमोदित "मुख्यमंत्री जन आवास योजना 2015" के प्रारूप 3-ए के अन्तर्गत

# आकांक्षा दीप हाईट्स
(आवासीय योजना)

सब्सिडी रू. 1,80,000 तक

में निश्चित विक्रय दर पर
1 BHK - 16.00 लाख | 2 BHK - 24.00 लाख | 3 BHK - 32.00 लाख (पार्ट -1) 34.00 लाख (पार्ट -2)

बेहतरीन लोकेशन • क्वॉलिटी कंस्ट्रक्शन • समय पर पजेशन




केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं आकांक्षा ग्रुप का प्रयास "हर परिवार का हो अपना घर"

| टोटल छूट (2 BHK में) | 4.00 लाख |
|---|---|
| PMAY (U) 2.0 के अंतर्गत | 1.80 लाख की छूट |
| CMJAY 2015 के अंतर्गत STAMP ड्यूटी में | 1.25 लाख की छूट |
| GST में छूट | 0.96 लाख की छूट |

बड़ी बॉलकनी | बड़ा लिविंग हॉल | बड़ी किचन
फुल वेंटीलेटेड फ्लैट जहाँ आप बिताये सुकून के पल

लोकेशन ऐसी जहाँ सब कुछ है पास
- वर्ल्ड क्लास चंबल रिवरफ्रंट के बिल्कुल पास
- एयरपोर्ट के समीप
- बड़े स्कूल एवं संस्था पास में
- हॉस्पिटल सामने
- बेहतरीन कनेक्टिविटी जैसे एयरपोर्ट से बूँदी रोड़, उदयपुर रोड़ एवं अन्य से
- भविष्य में कीमत वृद्धि एवं ग्रोथ की अपार सम्भावनाएँ है यहाँ
- शॉपिंग के लिए D-Mart- 0 km

आकांक्षा इन्फ्रा हाउसिंग प्रोजेक्ट्स
योजना कुन्हाड़ी मेन रोड, विजय वीर क्लब स्टेडियम के पास, "रोडवेज वर्कशॉप" कोटा (राजस्थान) में स्थित है
89055-58851
89055-58852



जिले एवं क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली एवं भाईदूज के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

भारतीय जनता पार्टी, निवाई



ओम प्रकाश गुप्ता
पार्षद, नगर पालिका, निवाई



अंकुर गुप्ता
भाजपा जिला मंत्री, टोंक

शुभदीपावली



अल्ट्राटेक सीमेंट
इंजीनियर की पसंद
देश का नं.1 सीमेंट

ADITYA BIRLA CEMENT

मौका है साथ आने का
घर ख़ुशियों से
जगमगाने का



शुभ दीपावली

'अल्ट्राटेक, देश का नं.1 सीमेंट' - कथन के विवरण के लिए ultratechcement.com पर विज़िट करें.

अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड (यूनिट-आदित्य सीमेंट वर्क्स)
पोस्ट-आदित्यपुरम, शंभूपुरा, जिला-चित्तौड़गढ़-312633, राजस्थान



दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



महेश दत्त धीमान्
प्रोपराइटर
Quairtz powder, Quairtz lumps
Quairtz grains, Colour stone Supplie
DHIMAN MINES AND MINERALS
NH.8 AJMER ROAD PIPLAJ 305202 MO. 8209725755, 9829899089



सभी क्षैत्रवासियों को
दिपावली व भाईदुज की
हार्दिक शुभकामनाएं



निशांत पाराशर
तेजू पाराशर
(ठेकेदार)

# वाहनो की रेलमपेल से चरमराई यातायात व्यवस्था

## पुलिस प्रशासन ने देर शाम 4 बजे लगाई चारपहिया वाहनो पर रोक

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा शहर के बाजारो में दीपोत्सव की खरीददारी के लिए उमड़ी भारी भीड़ के बीच वाहनो की रेलमपेल से यातायात व्यवस्था चरमरा जाने से कई बार जाम की स्थिति बनी रही। वहीं पुलिस प्रशासन ने देर शाम चार बजे बाजारो में चार पहिया वाहनो के प्रवेश पर रोक पर लगा अपनी जिम्मेदारी की इति श्री कर ली।

छ दिवसीय दीपोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सुबह सवेरे से ही बाजारो में आवश्यक सामान खरीदने वालो की भीड़ उमड़ने लगी। जिसमें दस बजे बाद तो बाजारो में पेर रखने तक की जगह नहीं दिखी। भारी भीड़ के बीच में हर दुकानो के सामने दो पहिया वाहनो के खड़े होने व इन्ही के बीच चार पहिया वाहनो के आ जाने से वाहनो की रेलमपेल रही। शहर के बाजारो में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। बाजारो में भारी भीड़ उमड़ने के बावजूद कहीं पर भी यातायात पुलिस कर्मी नजर नहीं आए। पुलिस प्रशासन की ओर से वैसे तो मुख्य मुख्य स्थानो पर पुलिस व आरएसी जवान तैनात किए थे। लेकिन ये भी पूरी तरह से निष्क्रय दिखाई दिए। पूर्व के अनुभवो के अनुसार दीपोत्सव के दूसरे दिन अधिकतर व प्राय: सुबह 10 से चार बजे तक ही भीड़ रहती है क्योंकि गांवो से आने वाले ग्रामीण चार बजे बाद खरीददारी कर गांवो की ओर कूच कर जाते हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन पूर्व की स्थितियों को भांपने का प्रयास नहीं कर मालपुरा थानाधिकारी चेनाराम बेडा दोपहर बाद एक आदेश जारी किया। जिसमें बताया गया कि बुधवार को शाम चार बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक बाजारो में चार पहिया वाहनो का प्रवेश निषेध रहेगा। जबकि इस अवधि के दोरान बाजारो में भीड़ का दबाव कम हो जाता है। इस तरह पुलिस प्रशासन ने केवल भीड़ कम होने के समय में चार पहिया वाहनो के प्रवेश पर रोक लगा पर अपनी जिम्मेदारी की इति श्री ली। इधर शाम चार बजे बाद व्यास सर्किल सुभाष सर्किल व गांधी पार्क पर पुलिस अधिकारी जवानो के साथ तैनात रहकर बाजारो में आने वाले चार पहिया वाहनो को रोकने देखे गए। इधर हिन्दू समरसता मंच की ओर से बुधवर को तड़के शहर के सभी रामधुनी मंडल एकत्रित होकर रामघुनी करते हुए रवाना होकर मुख्य बाजारो से गुजर कर बम्ब तालाब के मध्य स्थित श्री छतरेश्वर महादेव मन्दिर पहुंचे।

**सजावट पर इनामो पर धोषणा :** हिन्दु समरसता मंच सहित शहरवाहियो की मांग के अनुसार नगरपालिका मालपुरा प्रशासन की दिपोत्सव पर सजावट प्रतियोगिता आयोजित प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वालो के नकद इनामे देने की धोषणा की। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि दिपोत्सव पर सजावट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालो को 51 सो रूपये, द्धितिए स्थान प्राप्त करने पर 21 सो रूपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 11 सो रूपये का नकद पुरूस्कार दिया जाएगा। श्रेष्ठ सजावट की निगरानी के लिए कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में तहसीलदार पवन कुमार के अलावा पार्लिका के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, त्रिलोकचन्द विजय,डॉ. राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट कृष्णकांत जैन व रामजीलाल शर्मा को रखा गया। गठित समिति के सदस्य दीपोत्सव की रात बाजारो का भ्रमण कर सजावट अवलोकन श्रेष्ठ सजावट करने वालो का चयन करेगें।




## अस्पताल में नियमित हो साफ-सफाई बच्चा वार्ड को बनाएं आकर्षक : शुभम



राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला अस्पताल का मंगलवार शाम को जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने कहा कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता अति महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे नियमित रूप से दिन में 2-3 बार किया जाना अत्यावश्यक है। उन्होंने अस्पताल में खून की कमी को देखते हुए जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों की खून की मांग को पूर्ण करने के उद्देश्य से नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित करवाने के निर्देश पीएमओ डॉ. अमित गोयल को दिए। जिला कलक्टर ने अस्पताल भवन की टूट-फूट को पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से सम्पर्क कर आरएमआरएस मद से सही करवाने के निर्देश प्रदान किए। वहीं उन्होंने बच्चा वार्ड में बच्चों को आकर्षित करने के उद्देश्य से कार्टूनस करेक्टर्स की तस्वीरे दीवारों पर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में खराब लिफ्ट को ठीक करवाने के निर्देश पीएमओ को दिए है। इसके साथ-साथ उन्होंने अस्पताल के प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात वार्डो में किसी भी पुरूष परिजन को नहीं रूकने की हिदायत दी है। उन्होंने जच्चा-बच्चा वार्ड में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के साथ-साथ अन्य चिकित्सा संबंधी राजस्थान सरकार की योजनाओं के पेम्फलेट तैयार करवाकर अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को वितरित करने के निर्देश प्रदान किए है ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को राज्य सरकार की चिकित्सा संबंधी योजनाओं का लाभ मिल सकें।

## स्नेह मिलन व आमसभा तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जाट सेवा समिति मालपुरा के तत्वावधान में 7 नवम्बर को आयोजित होने वाले दिपावली स्नेह मिलन व आम सभा को लेकर समिति अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल की अध्यक्षता में ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में समिति की आवश्यक बैठक आयोजित हूई। मंत्री शिवजीराम चौधरी ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवम्बर ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में समिति की ओर से दिपावली स्नेह मिलन व समिति की आम सभा का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन की तैयारियो को लेकर आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति की आम सभा हर हाल में दोपहर 1 बजे तक शुरू कर देनी है। साथ ही इसी दिन शाम के समय स्नेह भोज का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि समिति की आम सभा में समाज सुधार, सामाजिक एकता, छात्रावास की व्यवस्था, अन्य भवन निर्माण कार्य करवाने सहित अन्य आवश्यक मुद्दो पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यो ने भाग लिया।

## मेघवाल महासभा की कार्यकारणी का हुआ विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी( नि.स. )।** मेघवाल महासभा की कार्यकारणी का विस्तार करते हुए प्रदेश महामंत्री बाबूलाल मेघवाल एवं प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल कोला वाले द्वारा घनश्याम मेघवाल (देवली खुर्द) को रामगंज मंडी तहसील अध्यक्ष व दुर्गेश मेघवाल (अरलाई) को चेचत तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया इसी के साथ मोहन लाल मेघवाल (ढाबादेह ) को कोटा जिला उपाध्यक्ष व विनोद कुमार मेघवाल मंडा को रामगंज मंडी तहसील उपाध्यक्ष ओर भंवर लाल मेघवाल बड़ोदिया वाले चित्तौड़ जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया राजस्थान प्रदेश मीडिया प्रभार महेश कुमार मेघवाल (बुरनखेड़ी) ने बताया कि मेघवाल महासभा समाज के लिए आने वाले समय में वरदान साबित होगी।



















## राजस्थानी सॉन्ग और और हिंदी मूवी के लिए कोटा की लोकेशन बहुत अच्छी है

## पिया थानेदार राजस्थानी की शूटिंग धनवा रिजॉर्ट तालेड़ा में हुई



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** एमबी रिकॉर्ड्स के बैनर तले कोटा के अभिनेता महावीर बसवाल ,माही गहलोत के अभिनय से सुसज्जित इस गीत को धनराज दाधीच ने लिखा है और आवाज़ दी है महावीर बसवाल और शिखा माथुर ने । और कोटा के बेहतरीन कलाकार कल्पना सोलंकी, दीपिका माली, स्नेहा तिवारी, खुशबू मेघवाल, लक्ष्मी मीणा, धनकंवर मीणा,मेकअप आर्टिस्ट का वर्क कोटा की मशहूर आर्टिस्ट दीपिका वर्मा ने किया है कोरियोग्राफी कोटा की मशहूर कोरियोग्राफर स्नेहा तिवारी ने की है आर्टिस्ट मैनेजमेंट कोटा तेजस्वी उड़ान फाउंडेशन के डायरेक्टर कामिनी कश्यप नें किया है थानेदार पिया राजस्थानी सॉन्ग 5 नवंबर सुबह 7.15 पर बी रिकॉर्ड्स यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा बूँदी और कोटा की खूबसूरत लोक्शन में फ़िल्माये इस गीत का छायांकन कमल किशोर ने और निर्देशन महावीर बसवाल और धनराज दाधीच और महावीर ने बताया कि राजस्थानी गीतों को बॉलीवुड के समकक्ष लाने के उद्देश्य से इस गीत का निर्माण किया है और वे इसके लिए प्रयास करते रहेंगे ।

## देवेन्द्र मुनि म.सा. की 94 वीं जयन्ती एवं 1008 जोड़ों द्वारा घण्टाकर्ण महावीर अनुष्ठान आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ.संयमलताजी म. सा.,डॉ. अमितप्रज्ञाजी म. सा., कमलप्रज्ञाजी म. सा., सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में श्रमण संघीय तृतीय पट्टधर आचार्य सम्राट देवेंद्र मुनि म.सा. की 94वी जन्म जयंती मनायी एवं इस अवसर पर 1008 सजोड़ें का भव्य महामंगलकारी घंटाकर्ण महावीर अनुष्ठान संपन्न हुआ। मंगलाचरण के पश्चात धर्मसभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलताश्री म.सा.ने कहा कि संघ रूप रथ के कुशल महासारथी आचार्य श्री इस युग के अत्यंत प्रभावक महान संत थे।






















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार